भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 2403

दिनांकः 10 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

# आयात और निर्यात संबंधी आकड़े

**2403. श्रीमती माला रायः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) धनराशि के संदर्भ में पिछले पांच वर्षों में कितना आयात और निर्यात किया गया है;
(ख) धनराशि के संदर्भ में आयात की गई शीर्ष पांच वस्तुओं के क्या नाम हैं;
(ग) धनराशि के संदर्भ में शीर्ष निर्यात की गई पांच वस्तुओं के क्या नाम हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (घ)** पिछले पाँच वर्षों के दौरान निर्यात और आयात का समग्र (माल एवं सेवाएं) मूल्य इस प्रकार हैः

| | | (मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में) |
|---|---|---|
| वर्ष | **निर्यात** | **आयात** |
| 2019-2020 | 526.6 | 603.0 |
| 2020-2021 | 497.9 | 512.0 |
| 2021-2022 | 676.5 | 760.1 |
| 2022-2023 | 776.4 | 898.0 |
| 2023-2024 | 778.1 | 856.5 |

*स्रोतः डीजीसीआइएण्डएस और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया*

वर्ष 2024–25 (अप्रैल–अक्तूबर) के दौरान भारत में आयात की जाने वाली शीर्ष 5 प्रमुख वस्तुएं और उनके आयातित मूल्य इस प्रकार हैंः

| | | (मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में) |
|---|---|---|
| क्र.सं. | प्रमुख वस्तु | 2024-25 (अप्रैल–अक्तूबर) |
| 1 | पेट्रोलियम, अपरिष्कृत और उत्पाद | 107.18 |
| 2 | इलेक्ट्रॉनिक सामान | 56.30 |
| 3 | सोना | 34.22 |
| 4 | मशीनरी, विद्युत और गैर–विद्युत | 30.61 |
| 5 | कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि। | 19.76 |

*स्रोतः डीजीसीआइएण्डएस (आंकड़े अनंतिम है)*

वर्ष 2024–25 (अप्रैल–अक्तूबर) के दौरान भारत में निर्यात की जाने वाली शीर्ष 5 प्रमुख वस्तुएं और उनके निर्यातित मूल्य इस प्रकार हैं:

| | | (मूल्य बिलियन अमेरिकी डॉलर में) |
|---|---|---|
| क्र.सं. | प्रमुख वस्तु | 2024-25 (अप्रैल–अक्तूबर) |
| 1 | इंजीनियरिंग सामान | 67.49 |
| 2 | पेट्रोलियम उत्पाद | 40.94 |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक सामान | 19.08 |
| 4 | रत्न और आभूषण | 17.17 |
| 5 | ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स | 17.05 |

*स्रोत: डीजीसीआइएण्डएस (आंकड़े अनंतिम हैं)*

*****